दिशानिर्देश

1. **शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नवीन सम्बध्दता के लिए आवेदन करने वाले शिक्षण संस्थानों को ऑन-लाइन आवेदन भी करना अनिवार्य है ।**
2. संस्थानों से प्राप्त आवेदन पत्र की जांच कर सही पाये जाने पर सम्बद्धता शुल्क व निरीक्षण शुल्क हेतु मांग पत्र प्रेषित किया जायेगा।
3. संस्था द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरा होना आवश्यक है अपूर्ण आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाऐगा। अतः यह सुनिश्चित करे कि आवेदन पत्र में मांगी गई सूचनाये पूर्ण हो सभी मांगे गये दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ संलग्न हो।
4. आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क रू॰ 1,000/– तथा प्रकिया शुल्क रू॰ 10,000/– कुल रू॰ 11,000/– (ग्यारहः हजार मात्र) विश्वविद्यालय खाता संख्या A/C No. 676801702111 IFSC Code- ICICI0006768 MNIT Campus JLN Marg, Jaipur- 302017 में जमा करा कर रसीद आवेदन पत्र के साथ संलग्न करे।
5. राज्य सरकार के निर्देशानुसार निजी कौशल महाविद्यालय नीति, 2021 को अगले शैक्षणिक सत्र 2025–26 से लागू किया जाना है। अतः संस्थान उक्त नीति का अवलोकन करे।
6. परिनियम 3.2.1 के तहत रू॰ 5 लाख की Joint FDR (Updated) की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
7. समस्त संस्थानों को शैक्षणिक सत्र 2024–25 से सीटों का आंवटन 30 छात्र प्रति बेच व स्नातकोत्तर में 20 छात्र प्रति बैच आवंटित किये जायेगा। इसके अतिरिक्त सीटों की मांग पर प्रति बैच सम्बद्धता शुल्क का 50% शुल्क के रूप में लिया जायेगा।